जगुआर विमान

चर्चा में क्यों?

नियमित प्रशिक्षण मिशन के दौरान, **भारतीय वायु सेना (IAF)** का एक **जगुआर प्रशिक्षक विमान राजस्थान के चूरू ज़िले** में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

प्रमुख बिंदु

जगुआर विमान:

- **पृष्ठभूमि:**
  - जगुआर एक **ब्रिटिश-फ्राँसीसी लड़ाकू विमान है** जो मूलतः ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स और फ्राँसीसी एयर फोर्स में तैनात था।
  - जगुआर जेट विमानों को वर्ष 1979 में भारतीय वायु सेना (IFA) में शामिल किया गया था।
  - **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL)** ने **वर्ष 1981 में लाइसेंस** प्राप्त संस्करणों का उत्पादन शुरू किया और वर्ष 2008 तक जारी रखा।
  - भारत ने विभिन्न कॉन्फिगरेशन में 160 से अधिक जगुआर विमानों को शामिल किया है:
    - **जगुआर IS** (एकल-सीट स्ट्राइक फाइटर)
    - **जगुआर IB** (दो-सीट प्रशिक्षण विमान)
    - **जगुआर IM** (नौसेना संस्करण)
- **युद्ध इतिहास और वैश्विक संचालक:**
  - जैगुआर विमान का मौरितानिया, चाड, इराक, बोस्निया, पाकिस्तान, और हाल ही में भारत के **ऑपरेशन सिंदूर** जैसे अभियानों में सक्रिय उपयोग हुआ है।
  - यह विमान यूके, फ्राँस और भारत के लिये ***??????? ??????? ???????? ????????????*** के रूप में भी कार्य कर चुका है।
  - वर्षों से फ्राँस, ब्रिटेन, ओमान, इक्वाडोर, नाइजीरिया और भारत जैसे देशों ने इस विमान का संचालन किया है।
- **इसी तरह की भारतीय वायुसेना दुर्घटनाएँ:**
  - नवंबर 2024 से अप्रैल 2025 के बीच, वायुसेना ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और गुजरात में प्रशिक्षण मिशनों के दौरान चार विमान दुर्घटनाओं की रिपोर्ट दी।
  - इन दुर्घटनाओं में **MiG-29, मिराज 2000 और जगुआर** जैसे विमानों की तकनीकी खराबी प्रमुख कारण रही।
- **विमान सुरक्षा पर बढ़ती चिंताएँ:**
  - भारतीय वायुसेना के विमानों के हाल ही में हुए दुर्घटनाओं की शृंखला परिचालन विमानों में बार-बार होने वाली तकनीकी समस्याओं का संकेत देती है।
  - अधिकांश दुर्घटनाएँ **मिग-29 और जगुआर** जैसे पुराने प्लेटफार्मों से संबंधित थीं, जिससे **बेड़े के आधुनिकीकरण और रखरखाव** प्रोटोकॉल पर चिंताएँ बढ़ गईं।
  - भारतीय वायुसेना ने प्रत्येक मामले में जाँच शुरू कर दी है, लेकिन ऐसी घटनाओं की आवृत्ति गहन प्रणालीगत मूल्यांकन की आवश्यकता की ओर इशारा करती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jaguar-aircraft